राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर

गृह विज्ञान विभाग

वार्षिक प्रतिवेदन

2023 - 2024

सत्र 2022 - 2023 के लिए छात्र शिवांगी दाधीच को विश्वविद्यालय स्तर पर एम ए गृह विज्ञान में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु पुरस्कृत किया गया।

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में सत्र 2023 - 2024 में आयोजित की गई गतिविधियां इस प्रकार है:

दिनांक 24 से 26 अगस्त 2023 उद्यमी कौशल विकास के अंतर्गत **एनहांस योर फैब्रिक विद कलर्स** विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत छात्राओं को बांधनी, बतिक एवं बंजारा वर्क का प्रशिक्षण श्रीमती सोफिया के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में एम ए उत्तरार्ध व बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

दिनांक 19.12.2023 को व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला आयोजित की गई जिसका विषय था **डिस्कवर योर सेल्फ**। इस कार्यशाला में मिस्टर अमित माथुर ,निदेशक अचीवर्स के द्वारा छात्राओं को विभिन्न प्रयोगों के द्वारा अपनी क्षमताओं से परिचित कराया और साक्षात्कार हेतु तैयारी के लिए मार्गदर्शन दिया।

दिनांक 20.12.2023 को मिलेट ईयर के अंतर्गत विभिन्न मोटे अनाजों से बने व्यंजनों की प्रतियोगिता आयोजित की गई , जिसमें छात्राओं द्वारा मोटे अनाज से व्यंजन बनाए गए।

विनीता कोठारी
(Vinita Kothari)